प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की आईएफएससी शाखा आईजीजीईएफआईएल ने 'बीबीबी+/स्थिर' अंतरराष्ट्रीय रेटिंग हासिल की

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड (आईजीजीईएफआईएल) ने आज केयरएज ग्लोबल रेटिंग्स से अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग प्राप्त की।

आईजीजीईएफआईएल को 'बीबीबी+/स्थिर' की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग दी गई है, जो भारत की सॉवरेन रेटिंग के बराबर है।

यह रेटिंग आईजीजीईएफआईएल के अपने मूल संगठन, इरेडा के साथ संस्थागत संबंध और नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण इकोसिस्टम का समर्थन करने में इसकी रणनीतिक भूमिका को दर्शाती है।

आईजीजीईएफआईएल के अध्यक्ष और इरेडा के सीएमडी श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि रेटिंग कंपनी की वैश्विक रणनीति को मजबूत करती है और स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण के लिए अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों तक पहुंचने में उसकी स्थिति को बेहतर बनाती है। उन्होंने कहा कि रेटिंग से फंडिंग स्रोतों में विविधता लाने और उधार लेने की लागत को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।